RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 09 सितम्बर 2022 | वर्ष 04 | अंक 126 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई-ठाणे में मूसलाधार बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त... !



## मध्य रेलवे की सेवाएं प्रभावित

मुंबई : ठाणे में मूसलाधार बरसात होने की वजह से मुंबई लोकल ट्रेन सेवा बुरी तरह से प्रभावित हुई है. मध्य रेलवे से ठाणे, कर्जत और कसारा की दिशा में जाने वाले यात्री परेशान हैं. सीएसएमटी स्टेशन पर ऑफिस से घर जाने के लिए निकले यात्री बड़ी तादाद में जमा हो गए हैं और ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं. ट्रेनें करीब 15-20 मिनट देरी से चल रही हैं. रेलवे ट्रैक में भरे हुए पानी को हटाने की कोशिशें जारी हैं. सड़कों में भी जगह-जगह पानी भर गया है. अंधेरी सबवे को बंद कर दिया गया है.

लोगों के घरों में पानी घुस गया है. गणेश उत्सव की वजह से मुंबई और ठाणे में कई लोग छुट्टियों पर हैं. इसके बावजूद ऑफिस से छूटने का वक्त होने की वजह से रेलवे स्टेशनों पर घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ जमा हो गई है. वेस्टर्न और हार्बर लाइन की ट्रेन सेवाएं फिलहाल सेंट्रल रेलवे इतनी प्रभावित नहीं हुई हैं. पर ट्रेनों के देर से चलने की यहां भी खबरें आ रही हैं.मुंबई और ठाणे के अलावा सोलापुर और नासिक में भी दमदार बरसात होने की खबर है.



### मुंबई के मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, कांजुरमार्ग, घाटकोपर में बरसात से बिगड़े हालात

मुंबई के मुंब्रा इलाके के अमृत नगर और भाजी मार्केट में इलाके तालाब बनते हुए नजर आ रहे हैं. मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, काजुरमार्ग और घाटकोपर जैसे इलाकों में शाम से धुआंधार बरसात हुई है. भांडुप के कोकण नगर, सहयाद्री नगर, बुद्ध नगर, पठान तबेला में जगह-जगह पानी भर गया है. इन इलाकों में मुंबई महानगरपालिका के प्रोजेक्ट की वजह से नालों की सफाई और मरम्मत का काम पूरा नहीं हो पाया. इससे हालात और खराब हो गए हैं. नालों का पानी घरों में घुस रहा है. पश्चिमी मुंबई में भी अंधेरी, कांदिवाली, बोरिवली, मालाड इलाकों में जोरदार बरसात हुई है.

### ट्रैक में पानी से ट्रेनें लेट, सड़कों पर ट्रैफिक जाम का हेडेक

लोगों को जहां अपने घर पहुंचने में एक घंटा लगता था, तीन से चार घंटे लग रहे हैं. ट्रेन से जाओ तो ट्रैक पर पानी होने की वजह से ट्रेनें लेट हैं. सड़कों से जाओ तो ट्रैफिक जाम से हेडेक बढ़ गया है. सड़कों पर गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई हैं. लोग जब ऑफिस गए तो सुबह सब ठीक-ठाक था. हालांकि मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था. लेकिन सुबह लोगों को आसमान साफ नजर आया. जब घर लौटने की बारी आई तो बादल घिर आया. शाम साढ़े पांच से साढ़े छह के बीच सिर्फ एक घंटे मे ठाणे में 71 मिमी बरसात हुई. ठाणे के दौलत नगर में 85.9 मिमी, नौपाडा में 84 मिमी, कोपरी में 81 मिमी बरसात हुई है.

# मुंबई के सायन और बोरिवली इलाकों में आयकर विभाग की छापेमारी... !




**मुंबई** : मुंबई के सायन और बोरिवली इलाकों में आयकर विभाग की छापेमारी शुरू है। करोड़ों रुपए की पॉलिटिकल फंडिंग और हेराफेरी के मामले में आईटी विभाग की छापेमारी शुरू है। सायन इलाके में एक झोपड़पट्टी पर भी रेड हुई है। इनके अलावा महाराष्ट्र के औरंगाबाद में भी लगातार दूसरे दिन छापेमारी शुरू है। व्यापारी सतीश व्यास नाम के घर, कार्यालय और होटल पर छापेमारी की जा रही है। चार ठिकानों में करीब 56 अधिकारी मिलकर छापेमारी कर रहे हैं। राजस्थान के स्कूलों में मिड डे मील से जुड़े स्कैम का लिंक औरंगाबाद से माना जा रहा है। इनकम टैक्स विभाग ने देश के 110 स्थानों में छापेमारियां की हैं। औरंगाबाद के व्यापारी सतीश व्यास को राजस्थान के स्कूलों में मिड डे मील सप्लाई करने का कॉन्ट्रैक्ट मिला हुआ है। उन्हें राजस्थान के अनाज घोटाले से संबंधित माना जा रहा है। राजस्थान के इस घोटाले का मामला देश के कई ठिकानों से जुड़ा हुआ पाया जा रहा है। औरंगाबाद के सतीश व्यास के घर से आयकर विभाग के अधिकारियों को कई अहम दस्तावेज मिलने की बात सामने आ रही है।

# मुंबई में याकूब मेमन की कब्र को 'मजार' में बदलने को लेकर बीजेपी ने सवाल उठाया

## मामला सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

**मुंबई** : महानगर में हुए 1993 सीरियल बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन की कब्र के सौंदर्यीकरण को लेकर विवाद हो गया है। दक्षिण मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान मे दफन किए गए याकूब के कब्र पर एलईडी और होलोजन लाइट लगाई गईं थीं। साथ ही उसकी कब्र के आसपास संगमरमर के पत्थर लगाकर पक्का निर्माण भी कर दिया गया है। इससे जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विधायक रामकदम ने यह मुद्दा उठाया। बाद में भाजपा नेताओं ने इसको लेकर शिवसेना पर जमकर निशाना साधा। बता दें कि मेमन को साल 2015 में नागपुर की जेल में



फांसी की सजा दी गई थी। इसके बाद उसका शव मुंबई में रहने वाले उसके परिजनों को सौंपा गया था, जिन्होंने उसका शव बड़ा कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। मामला सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

**कब्र से हटाई गई लाईटिंग**

पुलिस उपायुक्त नीलोत्पल की अगुआई में एलटी मार्ग की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस और बीएमसी की टीमें गुरूवार को कब्रिस्तान भी पहुंची थी। विवाद बढ़ने के बाद एलईडी लाइट हटा ली गईं हैं। मामले में वक्फ बोर्ड, मुंबई महानगर पालिका और चैरिटी कमिश्नर से जानकारी ली जाएगी। उपायुक्त नीलोत्पल ने बताया कि मामले की प्राथमिक जांच के बाद मामला दर्ज करने और आगे की कार्रवाई पर फैसला किया जाएगा। वहीं बड़ा कब्रिस्तान के ट्रस्टी शोएब खतीब ने कहा कि किसी ने शरारतपूर्ण तरीके से पुराना वीडियो वायरल किया है। शबे बारात की रात वहां कुछ लाइट लगाई गई थी।

# ठाणे की एक अदालत ने हत्या के आरोप से चार लोगों को बरी किया



**ठाणे** : महाराष्ट्र में ठाणे जिले के ग्रामीण इलाके के चार लोगों को एक स्थानीय अदालत ने हत्या के एक मामले में बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (कल्याण) शौकर गोरवाडे ने कहा कि अभियोजन पक्ष शंकर मांग्या पिंगला, यशवंत काले भगत, काशीनाथ भाऊ गवांडा और अन्त्य सोमा पारधी के खिलाफ हत्या और सबूत नष्ट करने के आरोपों को साबित करने में विफल रहा है। दरअसल, संजय बांगरे (23) का शव 21 सितंबर, 2010 को खर्दी और उम्बरमाली के बीच पटरियों के पास मिला था। पुलिस ने इस मामले की जांच के सिलसिले में चार लोगों को आरोपी बनाया था।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# बदहाल बेंगलुरू

भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले हाईटेक सिटी बेंगलुरू में भारी बारिश से सड़कों में जैसे नाव चलाने और ट्रैक्टरों से सफर करने की नौबत आई,उसने प्रशासन की अकर्मण्यता और हमारे आवासीय नियोजन पर सवाल खड़े किये हैं। सरकार के मुखिया दलील दे रहे हैं कि अभूतपूर्व बारिश से संकट पैदा हुआ, लेकिन जल निकासी के इलाकों में जिस तरह अंधाधुंध अनियोजित निर्माण की इजाजत दी गई, उसने इस मॉडर्न सिटी में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर दी। ऐसे में, जैसे कि आशंका जतायी जा रही है, यदि फिर बारिश होती है तो समस्या और विकट हो सकती है। दरअसल, सोमवार को बेंगलुरू में 13 सेंटीमीटर बारिश हुई। दावा है कि कुछ इलाकों में 18 फीसदी बारिश दर्ज की गई। कहा जा रहा है कि मानसून के दौरान राज्य में चौंतीस फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। निस्संदेह, बारिश हमारे महानगरों में अनियोजित आवासीय निर्माण और जल निकासी के तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। यह समस्या सिर्फ बेंगलुरू में ही पैदा नहीं हुई, विगत में ऐसे संकट चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई व गुरुग्राम में भी देखने में आये हैं। जहां असामान्य बारिश तंत्र की पोल खोलकर रख देती है। यही वजह है कि बेंगलुरू के लोग सोशल मीडिया के जरिये शासन-प्रशासन से तीखे सवाल पूछ रहे हैं। एक वह चित्र वायरल हो रहा है जिसमें कार सेवा देने वाली कंपनी के वेब पेज पर नाव सेवा उपलब्ध कराने का उल्लेख है। दरअसल, बेंगलुरू के रिंग रोड पर बहते पानी में लोगों को बचाव के लिये नावों का उपयोग किया गया। पानी की वजह से कार न चल पाने की स्थिति में ट्रैक्टर के जरिये लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम किया गया। शहर में स्थिति यह हो गई है कि सॉफ्टवेयर कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को पूरे सप्ताह घर से काम करने को कहा है। स्कूल बंद हैं और ऑनलाइन कक्षाओं के जरिये पढ़ाई को जारी रखने का प्रयास हो रहा है।

दरअसल, मौसम विभाग का तर्क है कि समुद्र में कुछ किलोमीटर ऊंचाई पर एक ऐसा क्षेत्र बना जो अतिवृष्टि का कारण बना है। इसमें गर्म हवाओं के झुकाव व निकट जलभराव के स्थानों से बादलों के निर्माण की प्रक्रिया होती है। फलस्वरूप अप्रत्याशित बारिश होती है। लेकिन शहरी इलाकों में जल भराव संकट की एक वजह प्रशासनिक विफलता भी है, जिसने समय रहते बरसाती पानी के निकलने के मार्गों की सफाई नहीं की। दरअसल, ऊंचाई पर बसा बेंगलुरू कभी तालाबों का शहर हुआ करता था, लेकिन आज वहां कॉलोनियां व बड़े व्यापारिक भवन बन गये हैं। यदि प्रकृति के मिजाज के अनुरूप आवासीय भवनों का निर्माण किया गया होता तो अतिवृष्टि का पानी स्वतः ही अपना मार्ग तलाश लेता। लेकिन भू माफिया, बिल्डरों व भ्रष्टतंत्र के कारिंदों ने पानी के कुदरती प्रवाह को अवरुद्ध कर दिया। जलाशयों को आईटी पार्कों में तब्दील करने का बदला प्रकृति लोगों से ले रही है। छोटे शहरों, कस्बों व ग्रामीण इलाकों से हुए तेज पलायन ने शहरों को कंक्रीट के जंगल में बदल दिया है। बरसाती नाले सिकुड़ गये हैं और जो बचे रह गये उनकी नियमित सफाई नहीं हो पाती। ये विफलता हमारी सरकारों व राजनेताओं की भी है जो शहरों को बदलते वक्त के साथ प्रगतिशील नियोजन नहीं दे पा रहे हैं। वहीं न तो जनप्रतिनिधियों और न ही स्थानीय निकायों के प्रमुखों की कोई जवाबदेही ऐसे मामलों में तय की जाती है। बेंगलुरू कहने को भारत की सिलिकॉन वैली है, लेकिन स्थानीय प्रशासन सदियों पीछे है। दरअसल, इस संकट के निदान के लिये जब तक लोगों में जागरूकता नहीं आयेगी और वे शहरों के आधुनिक नियोजन के लिये तंत्र को बाध्य नहीं करेंगे, हर बार की बारिश लोगों को रुलाती रहेगी। सवाल प्रशासन से भी करना होगा कि बेंगलुरू जैसे शहर में हरीतिमा का प्रतिशत इतना क्यों सिकुड़ गया है। यह भी कि जमीन के सीमेंटीकरण का प्रतिशत लगातार क्यों बढ़ता जा रहा है, जिससे धरती की पानी सोखने की क्षमता न्यूनतम हो गई है। निश्चित रूप से इस संकट के बादल विश्व प्रसिद्ध आईटी उद्योग पर प्रतिकूल असर डालेंगे।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# आत्महत्या की घटनाओं का बढ़ना बदनुमा दाग



**मुंबई :** बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं एक ऐसा बदनुमा दाग है, जो हमारे तमाम विकास एवं शिक्षित होने के दावों को खोखला करता है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दुखी होते ही हैं, संपूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है।एक रिपोर्ट के अनुसार, २०१९ में भारत में १.३९ लाख लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से लगभग ४५ फीसदी लोग तनाव, अवसाद, बायपोलर डिसऑर्डर, सिजोप्रष्ठेनिया जैसी समस्याओं का सामना कर रहे थे। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में तनाव, हिंसा, अवसाद, निराशा, नकारात्मकता सहित अन्य मानसिक समस्याएं, गंभीर रोगों के चलते निराशा, सामाजिक संघर्ष या दबाव न झेल पाना, अज्ञानता आदि शामिल हैं। ऐसी विभिन्न स्थितियों में व्यक्ति खुद को अकेला मानने लगता है और कई बार ऐसे निराशाजनक कदम उठा लेता है।

आत्महत्या की बढ़ती डरावनी स्थितियों को कम करने के लिए एवं आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रतिवर्ष १० सितंबर को मनाया जाता है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय एसोसिएशन फॉर आत्महत्या रोकथाम (इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रवेंशन-आईएएसपी) द्वारा आयोजित किया जाता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने हाल में भारत में आत्महत्या के जो आंकड़े जारी किए हैं, वे चिंताजनक हैं। किसी भी समाज और देश के लिए यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। कोई शख्स आत्महत्या को आखिरी विकल्प क्यों मान रहा है? नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक देश में आत्महत्या के मामलों में ३.६ फीसदी की बढोतरी हुई है और औसतन देश में हर दो घंटे में तीन लोग जान दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार २०१८ में कुल १,३४,५१६ लोगों ने खुदकुशी की, जो २०१७ के १,२९,८८७ आत्महत्या के मामलों के मुकाबले ३.६ फीसदी अधिक है और यह आगामी वर्षों में लगातार बढ़ती जा रही है।

लेकिन सबसे चिंताजनक बात यह है कि देश में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के २०१८ के आंकड़ों से स्टूडेंट्स की आत्महत्या को लेकर बेहद चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं। २०१८ में लगभग १०,१५९ छात्रों ने आत्महत्या की है। इनमें से एक चौथाई ने इम्तिहान में फेल होने के डर से आत्महत्या की। इसके अलावा प्रेम में नाकामी, उच्च-शिक्षा के मामले में आर्थिक समस्या, अच्छा प्लेसमेंट न मिलना और बेरोजगारी भी छात्रों की आत्महत्या की प्रमुख वजह के रूप में सामने आई है। आंकड़ों के मुताबिक एक दशक में लगभग ८२ हजार छात्रों ने आत्महत्या जैसा अतिरेक कदम उठाया है। महाराष्ट्र में १४४८ छात्रों के आत्महत्या के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं।


# जामताड़ा और नाइजीरियन चीटर गिरोह मुंबई में सक्रिय




**मुंबई :** सायबर प्रष्ठॉड करनेवाले कई गिरोह सक्रिय हैं। इनमें सबसे ज्यादा जामताड़ा और नाइजीरियन चीटर गिरोह मुंबई में सक्रिय हैं। ई मेल हैक कर सायबर प्रष्ठॉड करने के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी से हुई पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ है कि झारखंड के जामताड़ा गिरोह ने नाइजीरियन चीटरों के साथ हाथ मिला लिया है। ओशिवरा पुलिस इस मामले में और गहराई से जांच कर रही है। खबर के अनुसार ओशिवरा इलाके में एक कंपनी गीतकारों से गाना लिखवा कर गाना रिकॉर्ड करनेवाली कंपनियों को सुनाकर पसंद आने पर बेच देती है। २६ अगस्त २२ को गाना लिखवाकर बेचने वाली कंपनी और गाना खरीद कर रिकॉर्ड करनेवाली कंपनी के बीच २१ लाख २४ हजार रुपए में दो गानों का सौदा हुआ। गाना खरीदने वाली कंपनी द्वारा ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए गाना बेचनेवाली कंपनी से बैंक एकाउंट की जानकारी मांगी गई। जिस ई-मेल आईडी से गाना बेचनेवाली कंपनी ने अपना बैंक एकाउंट का डिटेल्स भेजा, उसमें एक जगह अंग्रेजी का 'डी' शब्द लिखा था। कुछ दिन बाद गाना खरीदनेवाली कंपनी को गाना बेचनेवाली कंपनी की ओर से एक और मेल भेजा गया। उस मेल में दूसरे बैंक के अकाउंट में पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए लिखा था। दोनों के बीच तय रकम २१ लाख २४ हजार में से १० लाख ४७ हजार ६०० रुपए गाना खरीदनेवाली कंपनी द्वारा गाना बेचनेवाली कंपनी को दूसरे ई-मेल के निदेर्शानुसार ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया गया। एकाउंट में पैसे नहीं आने पर गाना बेचने वाली कंपनी ने ओशिवरा पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनोहर धनावडे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक सीमा सकुंडे, पुलिस उप निरीक्षक कुरकुटे, हवलदार अशोक कोंडे और सिपाही विक्रम सरनोबत की टीम ने जांच की तो पाया कि गाना बेचनेवाली कंपनी के असली ई-मेल में अंग्रेजी शब्द 'डी' का समावेश है, वहीं चीटर द्वारा भेजे गए ई-मेल में 'डी' की जगह 'बी' शब्द का इस्तेमाल किया गया था, जिस ओर गाना खरीदने वाली कंपनी का ध्यान नहीं गया था। जांच में जिस बैंक एकाउंट में पैसे डाले जाने की जानकारी पुलिस टीम को लगी, उसे प्रष्ठीज करवा दिया।

# जादू-टोने के शक में 3 महिलाओं की पीट पीटकर हत्या...!




**झारखंड :** झारखंड के रांची जिले के एक गांव में ट्रिपल मर्डर से दहल गया है। यहां पर जादू-टोना करने के शक में तीन महिलाओं की बुरी तरह से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कौशल किशोर ने मंगलवार को बताया कि सोनाहपुट पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले रनडीह गांव में हुई इन हत्याओं के मामले में एक महिला के पति और बेटे सहित 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी ने बताया कि अभी तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं शेष लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने तीन महिलों के साथ डंडे से मारपीट की। उन्हें शक था कि ये तीनों महिलाएं जादू-टोना करती थीं। आरोप हैं कि इन लोगों ने महिलाओं की मौत हो जाने के बाद उनके शव गांव के निकट पहाड़ी इलाके में फेंक दिए। रविवार को दो शव बरामद कर लिए गए थे, वहीं तीसरा शव सोमवार को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने मारी गई एक महिला के पति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है, क्योंकि एक महिला के भतीजे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में पति का नाम भी आरोपियों में शामिल था।

जादू-टोना के संदेह में हत्या राज्य में एक प्रमुख सामाजिक बुराई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2001 से 2020 के बीच जादू-टोना के संदेह में कुल 590 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं।



## एनएसई के पूर्व चीफ रवि नारायण गिरफ्तार, कर्मचारियों का फोन टैप करने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने एनएसई को-लोकेशन घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने एनएसई के पूर्व सीईओ और एमडी रवि नारायण को गिरफ्तार कर लिया है। नारायण पर 2009 से 2017 के बीच एनएसई के कर्मचारियों का अवैध तरीके से फोन टैप करने का आरोप है। ईडी ने नारायण, एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण और मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे के खिलाफ 14 जुलाई को पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। इससे पहले सीबीआई ने भी इन तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एक हफ्ते पहले ईडी के स्पेशल वकील एन के मट्टा ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा था कि नारायण और दूसरे आरोपियों ने एनएसई और उसके कर्मचारियों को धोखा देने के लिए साजिश रची। एनएसई की साइबर सुरक्षा की आड़ में यह किया गया। नारायण 1994 से 2013 तक एनएसई के चीफ थे। उनके बाद चित्रा रामकृष्ण 2013 से 2016 तक इसकी प्रमुख रहीं। ये दोनों को-लोकेशन घोटाले में आरोपी हैं।

**क्या है को-लोकेशन सेवा:** को-लोकेशन सेवा के तहत ब्रोकर्स को अपना सर्वर एक्सचेंज परिसर में लगाने की अनुमति दी जाती है। इसकी मदद से वे शेयर बाजार में हो रही हलचल का तेजी से पता लगा सकते हैं और इसका फायदा उठा सकते हैं। जांच में सामने आया था कि कई ब्रोकर्स ने इसमें धांधली कर फायदा उठाया और अवैध रूप से करोड़ों रुपये कमाए। जांच में एल्गोरिदम में छेड़छाड़ की बात सामने आई थी। ईडी ने पिछले महीने चित्रा रामकृष्ण को गिरफ्तार किया था। उन्हें गैरकानूनी तरीके से फोन टैपिंग और एक्सचेंज के कर्मचारियों की जासूसी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## ट्राई ने 'एक्सेस नेटवर्क प्रोवाइडर' लाइसेंस संबंधी सिफारिश नकारने पर जताई नाखुशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को कहा कि दूरसंचार विभाग ने अलग से 'एक्सेस नेटवर्क प्रोवाइडर' (एएनपी) लाइसेंस जारी करने से संबंधित उसकी अनुशंसा को कोई तर्क दिए बगैर खारिज कर दिया है। भारतीय दूरसंचार नियामकीय प्राधिकरण (ट्राई) ने अलग लाइसेंस व्यवस्था के जरिये अलग स्तरों (बुनियादी ढांचा, नेटवर्क आदि) को संभव करने से संबंधित अपनी सिफारिश को दूरसंचार विभाग द्वारा दूरसंचार ढांचा प्रदाताओं का दायरा बढ़ाने से जुड़े सुझाव के समान माने जाने पर भी ऐतराज जताया है।

नियामक ने दूरसंचार विभाग से एक्सेस नेटवर्क प्रोवाइडर के लिए दूरसंचार लाइसेंस की एक अलग श्रेणी बनाने की अनुशंसा की थी। इस सिफारिश के मुताबिक, एएनपी लाइसेंसधारक दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और इंटरनेट सेवा कंपनियों को अपनी सेवाएं देने के लिए एक समूचा दूरसंचार नेटवर्क खड़ा कर सकते हैं।

हालांकि एएनपी को खुदरा उपभोक्ताओं को सीधे दूरसंचार सेवाओं की अनुमति नहीं देने की सिफारिश भी ट्राई ने की।

लेकिन सरकार इस नतीजे पर पहुंची है कि अभी एएनपी लाइसेंस के लिए बाजार की मांग नहीं है। इस संदर्भ में ट्राई ने कहा है कि दूरसंचार विभाग ने इस अनुशंसा को नकारने के पीछे की ठोस वजह नहीं बताई है।

## आठ सीट वाले वाहनों में छह एयरबैग को अनिवार्य करने पर विचार कर रही है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार वाहन कंपनियों के लिए अक्टूबर से आठ सीट वाले वाहनों में कम से कम छह 'एयरबैग' को अनिवार्य करने पर विचार कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से उठाया जा रहा है। इससे पहले इसी साल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि वाहन यात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन का फैसला किया गया है, ताकि वाहनों में सुरक्षा को बढ़ाया जा सके। गडकरी ने आठ सीट वाले वाहनों के लिए कम से कम छह एयरबैग को अनिवार्य करने संबंधी सवाल पर कहा, ''कोशिश तो है।''

## ताप विद्युत संयंत्रों में प्रदूषण नियंत्रण प्रौद्योगिकी लगाने की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पर्यावरण मंत्रालय ने ताप विद्युत संयंत्रों में प्रदूषण नियंत्रण प्रौद्योगिकी स्थापित करने और नए उत्सर्जन मानकों के अनुपालन की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी है। पिछले पांच वर्षों में तीसरी बार यह समयसीमा बढ़ाई गई है। पर्यावरण मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि दिल्ली-एनसीआर और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रौद्योगिकी लगाने की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर, 2024 कर दिया गया है। पहले इसकी समयसीमा दिसंबर, 2022 में ही खत्म होने वाली थी। वहीं अधिक प्रदूषण वाले इलाकों के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए समयसीमा को दिसंबर, 2023 से बढ़ाकर दिसंबर, 2025 कर दिया गया है। अधिक प्रदूषण वाले और वायु गुणवत्ता मानकों के अनुपालन में नाकाम रहने वाले शहरों के तौर पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 132 शहरों को चिह्नित किया है। मंत्रालय की इस अधिसूचना के मुताबिक, देश के अन्य इलाकों में स्थित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए इस समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर, 2026 कर दिया गया है। पहले यह समयसीमा दिसंबर, 2024 में खत्म होने वाली थी। इसके साथ ही पर्यावरण मंत्रालय ने यह साफ किया है कि दिसंबर, 2027 तक बंद होने की घोषणा कर चुके संयंत्रों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रौद्योगिकी लगाने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इस छूट के लिए उन संयंत्रों को सीपीसीबी और केंद्रीय विद्युत अधिकरण की मंजूरी लेनी होगी।

# पिंपरी-चिंचवड में सेक्स रैकेट का पदार्फाश, पुलिस ने दर्ज किया केस...!

**पिंपरी:** पिंपरी-चिंचवड शहर पुलिस के अनैतिक मानव यातायात रोकथाम विभाग ने स्पा सेंटर के नाम पर देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान 5 महिलाओं को छुड़ाया गया। इस कार्रवाई में 5 हजार रुपए नकद, 140 रुपए की अन्य सामग्री और 8 हजार रुपए का एक मोबाइल फोन, कुल 13 हजार 140 रुपए बरामद किया गया। साईं नगर प्लाजा, साई चौक, जगताप डेअरी, पिंपले सौदागर स्थित कैसल नामक स्पा सेंटर में यह कार्रवाई की गई। इसमें स्पा की मालिक सीमा दीपक धोत्रे (37, निवासी शिवप्रतिष्ठान गली नंबर 1, फेमस



चौक, नवी सांगवी, पुणे) और स्पा के चालक रमेश कुमार साहिराम (24, निवासी नवी सांगवी, पुणे, मूल निवासी. वार्ड नं. 5, ग्राम 3, एमके, जिला गंगानगर, राजस्थान) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पांच महिलाओं को छुड़ाया गया पुलिस को सूचना मिली कि कैसल स्पा में आर्थिक लाभ के लिए देह व्यापार का धंधा चल रहा है। पहले नकली ग्राहक को यहां सत्यापित करने के लिए भेजा गया, बाद में यहां छापा मारा गया। यहां से पांच महिलाओं को छुड़ाया गया है। पुलिस ने बताया कि यहां लड़कियों को पैसे का लालच देकर वेश्यावृत्ति करने पर मजबुर किया जाता था। स्पा मालिक और चालक सीमा धोत्रे और रमेश सहीराम के खिलाफ अनैतिक व्यापार रोकथाम अधिनियम के 1956 की धारा 3, 4, 5, 7 के साथ आईपीसी की धारा 370 (3), 34 के तहत गुर संख्या 740/2022 में मामला दर्ज किया गया है।

## पुलिस से भिड़ीं सांसद नवनीत राणा, थानेदार पर फोन कॉल रिकॉर्ड करने का लगाया आरोप

मुबंई। महाराष्ट्र के अमरावती से सांसद नवनीत राणा बुधवार को एक बार फिर चर्चा में आ गईं।



नवनीत राणा ने लव जिहाद से जुड़े एक मामले में पुलिस पर अपने फोन की बातचीत रिकॉर्ड करने का आरोप लगाया। इसे लेकर वह राजापेठ पुलिस थाने पहुंचीं और पुलिसवालों से ही भिड़ गईं। उन्होंने कहा कि लव जेहाद की घटनाएं बंद होनी चाहिए। दरअसल, मामला एक समुदाय के लड़के द्वारा हिंदू लड़की को भगाए जाने का था। इस मामले पर नवनीत राणा बुधवार को पुलिस स्टेशन में पहुंची थीं और आक्रामक हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि युवक द्वारा जबर्दस्ती एक हिंदू लड़की से की गई शादी के मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उनके सवालों के जवाब दिए जाने की बजाए उनका ही फोन रिकॉर्ड किया गया। नवनीत राणा ने कहा कि लड़की के मां-बाप उनके पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे कि उनकी लड़की गायब है। इसके बाद उन्होंने थानेदार मनीष ठाकरे को फोन किया और इसकी इसकी जानकारी ली। इस बातचीत के दौरान नवनीत राणा को शक हुआ कि उनका फोन रिकॉर्ड हो रहा है तो उन्होंने फोन काट दिया और सीधे थाने पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने थानेदार से पूछा कि मेरा फोन रिकॉर्ड क्यों किया, इसकी अनुमति कहां से मिली इसे लेकर नवनीत राणा पुलिस पर जमकर बरसीं।

## संजय राउत ने विशेष अदालत में दी जमानत के लिए अर्जी...!



**मुंबई :** मुंबई में एक आवासीय परियोजना से जुड़े कथित धनशोधन मामले में आरोपी शिवसेना सांसद संजय राउत ने बुधवार को यहां की एक विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल की। शिवसेना से राज्यसभा सदस्य इस समय न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद है। संजय राउत की जमानत अर्जी पर गुरुवार को न्यायाधीश एम जी देशपांडे की विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत में सुनवाई होने की उम्मीद है।

राज्यसभा सांसद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अगस्त की शुरूआत में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा 'चॉल' के पुनर्विकास से संबंधित वित्तीय अनियमितताओं में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

## नागपुर में स्वाइन फ्लू ले रहा एक तिहाई मरीजों की जान, सरकारी अस्पताल में भर्ती हुए 108 में से 33 की मौत

मुबंई। महाराष्ट्र के नागपुर में स्वाइन फ्लू का इंफेक्शन काफी तेजी से बढ़ रहा है. चिंता की बात यह है कि पूरे जिले में इसके इलाज की सही व्यवस्था नहीं है. सिर्फ दो ही अहम अस्पतालों में इसके इलाज की सुविधाएं होने की वजह से स्वाइन फ्लू के एक तिहाई मरीजों की मौत हो रही है. एम्स और सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही स्वाइन फ्लू के मरीज भर्ती किए जाते है. इस वक्त के जो आंकड़े हैं, उनके मुताबिक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हुए 108 मरीजों में से 33 की मौत हो चुकी है. स्वाइन फ्लू से होने वाली मौतों के ये आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं. मेयो समेत महानगरपालिका अस्पताल में भी इसके इलाज की व्यवस्था नहीं है. इसलिए स्वाइन फ्लू के सारे मरीज एम्स में जाते हैं या फिर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में. अभी जो आंकड़े




सामने आए हैं वे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के है. महाराष्ट्र की उपराजधानी में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए 24 बेड वाले वॉर्ड नंबर 13 को रखा गया है. इस वक्त यहां 12 मरीज इलाज करवा रहे हैं. इनमें से तीन मरीज वेंटिलेटर पर और चार मरीज ऑक्सीजन पर हैं. 1 जुलाई से 5 सितंबर 2022 तक इस वार्ड में 108 मरीजों का इलाज हुआ. इनमें से 33 मरीजों ने दम तोड़ दिया.अगर इस आंकड़े की तुलना हम नागपुर जिले में कोरोना से होने वाली मौतों से करें तो 1 जुलाई से 31 अगस्त 2022 तक कोरोना से 18 लोगों की मौत हुई. जबकि सिर्फ एक अस्पताल के आंकड़े के मुताबिक 1 जुलाई से 5 सितंबर के बीच 33 लोग स्वाइन फ्लू से मर गए. यानी स्वाइन फ्लू से मरने वालों की तादाद कोरोना से मरने वालों से 51 फीसदी ज्यादा है.शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या 386 हो चुकी है. इनमें से 103 मरीज सरकारी और अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती हुए हैं. इनमें से 10 मरीजों की हालत गंभीर है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है. 2009 से ही स्वाइन फ्लू के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं।



### तालगांव की सनसनी खेज वारदात करने वालों पर पुलिस ने लगाया रासुका.......

# दरिंदगी करने वाले तीन आरोपियों पर रासुका



**संवाददाता।** सीतापुर

**जितना बड़ा** अपराध पुलिस ने उतनी बड़ी कार्रवाई कर अपराधियों को कड़ा संदेश देने का काम किया है। जी हां हम बात कर रहे है सीतापुर के तालगांव थाना इलाके में इसी साल 15 अप्रैल को मोहिद्दीनपुर पुलिया के पास बाग में अंजाम दी गई उस सनसनी खेज वारदात की जिसमें अपने जीजा के साथ बाइक से जा रही युवती के साथ दरिंदगी कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह के पर्यवेक्षण में पांच टीमों का गठन किया था, पुलिस कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ में आरोपी लारेब और इंतियाज गोली लगने से घायल भी हो गये थे, तालगांव और स्वाट टीम ने पांचो आरोपियों लारेब पुत्र असरफ इंतियाज पुत्र गनी, गुफरान पुत्र मुज्जमिल, शहनवाज पुत्र साहिब, फिरोज पुत्र अनवर निवासीगण नयागांव नेवादा को गिरफ्तार कर लिया था। इनके विरूद्ध पाक्सोएक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज हुआ था। तालगांव इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि लारेब के विरूद्ध जेल में बंद रहते हुए ही 23 जून को रासुका के तहत कार्रवाई कर दी गई थी। जबकि दो अन्य अभियुक्तों इम्तियाज और गुफरान के विरूद्ध भी रासुका की कार्रवाई की गई है। यह सभी जिला जेल में बंद है, इस मामले में दो अन्य आरोपी नाबालिंग है जो भी जेल में बंद है। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर इस कार्रवाई को तालगांव पुलिस ने अमली जामा पहनाया। इसकी जानकारी लहरपुर के क्षेत्राधिकारी सुजीत दुबे ने दी।

# बच्चों का भविष्य संवारने में आंगनबाड़ी दें अपना पूर्ण योगदान: प्रतिभा

**संवाददाता।** सीतापुर



**राज्यमंत्री, महिला** कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने राष्ट्रीय पोषण माह के शुभ अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के कम्यूनिटी हाल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने महिलाओं की गोद भराई की एवं बच्चों का अन्नप्राशन करके उनको खीर खिलाई एवं दो बच्चियों का जन्मदिन भी मनाया गया। उन्होंने कहा कि पोषण माह हम लोग मना रहे हैं। मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने मिशन शक्ति मनाया। नारी को शक्ति का प्रतीक एवं स्वालम्बन के लिये प्रेरित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आपकी विशेष जिम्मेदारी बनती है कि अपने आंगनबाड़ी केन्द्र को प्री-नर्सरी के रूप में आपको खोलना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि आने वाले समय में सारे केन्द्र स्वकेन्द्र बनाये जायें। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आप लोग तत्परतापूर्वक कार्य करें और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि जो भी बच्चे पढ़ने आये उनको अपने माता-पिता का नाम, पता, फोन नम्बर और शिक्षण देने वाली कार्यकत्री का नाम भी पता होना चाहिये, उन बच्चों को सभी अच्छी ज्ञान वर्धक बाते पता होनी चाहिये, जिससे वह और आगे बढ़े। बच्चों की माता को भी बताना होगा जिनका बच्चा कुपोषित है कि उनको क्या-क्या चीजें खाने को दें जिससे बच्चा कुपोषित से स्वस्थ्य हो जाये। उन्होंने कहा कि जो भी चीजें केन्द्र के माध्यम से आप द्वारा बच्चों को दी जा रही है वह बच्चों को ही खानी है इसी से कुपोषण समाप्त होगा। मंत्री द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद स्तर पर कन्या सुमंगला के लाभार्थियों, मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्य करने वाली अध्यापिकाओं एवं जनपद स्तर पर टॉप करने वाली कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की बच्चियों तथा साथ ही खेल के क्षेत्र में जनपद स्तर पर राज्य स्तर पर एवं राष्ट्र स्तर पर जाने वाली बच्चियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा महामंत्री रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज अनूप कुमार तिवारी सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंत्री के देर से पहुंचने पर परेशान हुई महिलाएं

**संवाददाता।** सीतापुर

**जीआईसी हाल** में महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं उस समय परेशान होने लगी जब राज्यमंत्री कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे देर से पहुंची। आपको बता दें कि सीतापुर जीआईसी हाल में करीब 2 बजे का कार्यक्रम था, जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व उनके जागरूकता के लिए गोष्ठी होनी थी, जहां पर कार्यक्रम में सभी महिलाएं 1 बजे से ही पहुंच गई थी, लेकिन महिला कल्याण बाल विकास पुष्टाहार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के कार्यक्रम में करीब ढेड़ घंटे देर से पहुंचने परे महिलाएं भीषण गर्मी में परेशान होने लगी। बार-बार बिजली कटौती से जहां दो चार होना पड़ी वहीं पानी पीने के लिए भी इधर उधर भटकना पड़ा। फिलहाल कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे बाद राज्यमंत्री पहुंच गई। सवाल यह उठता है कि गर्भवती महिलाओं को इतनी भीषण गर्मी में जल्दी बुलाया ही क्यों गया, अगर बुलाया भी तो व्यवस्थाओं में खामी क्यों देखने को मिली।

# नगर निगम कर्मचारी संघ की 13 सूत्रीय मांगे को लेकर धरना

**संवाददाता।** बरेली

**प्रदेश** के निकाय कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के हल ना किए जाने के विरोध में नगर निगम कर्मचारी संघ ने अध्यक्ष ठाकुर एमपी सिंह और महामंत्री जयपाल सिंह पटेल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना नगर निगम कार्यालय परिसर में दिया और सरकार की उदासीनता पर रोष प्रकट करते हुए समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनेक बार समस्याओं के निराकरण के लिए अनुरोध किया जा चुका है और अनेक बैठक के भी की जा चुकी हैं लेकिन सरकार निकाय कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।

इसलिए आज नगर निगम में एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है और यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो अनिश्चितकालीन धरने पर निकाय कर्मचारी चले जाएंगे 21 सितंबर को लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा जिसमें प्रदेश के अनेक निकाय कर्मचारी भाग लेंगे अपनी प्रमुख मांगों में निकाय कर्मचारियों ने केंद्रीय सेवा संवर्ग के नियमावली में संशोधन करने और आपत्तियों का निस्तारण करने की मांग की है 14 फरवरी 2016 में जारी विनियमितीकरण के शासनादेश के क्रम में कर्मचारियों को स्थाई कौन किए जाने की मांग है साथ में वेतनमान का पूर्ण लाभ दिया जाना राज्य कर्मचारियों पर लागू की गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज की सुविधा से स्थानीय निकाय कर्मचारियों को भी सुविधा का लाभ दिया जाए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए।

# पुलिस ने बताया चंदीपुर गांव के गोली कांड का कारण

**संवाददाता।** महोली, सीतापुर

**सीतापुर** के महोली कोतवाली इलाके में चंदीपुर गांव में बुधवार की सुबह हुए गोली कांड से मची सनसनी के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने घटना के कारणों की जांच पड़ताल की। गोली कांड और ईंटा और लाठी चलने से कुछ लोग घायल हो गए थे, दो लोगों को गोली के छर्रे लगे थे, जबकि अन्य तीन लोग ईंटा और लाठियों के चलने से घायल होने बताए गए।

# दिल्ली के बदरपुर इलाके में सरेराह गुंडई, युवकों ने गवर्नमेंट स्कूल की छात्राओं को पीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बदरपुर इलाके में तीन-चार लड़कों ने लड़कियों को सरेराह पीट दिया जिससे लड़कियों को काफी चोटें आई हैं। पीड़ित छात्रा के पिता से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को बदरपुर स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया जा रहा था। इस दौरान 10वीं के बच्चों को 12वीं के छात्र बतौर शिक्षक पढ़ा रहे थे। तभी 12वीं के एक छात्र की 10वीं की छात्रा से कहासुनी हो गई। इस पर छात्र ने छात्रा पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इस पर छात्रा की सहपाठियों ने छात्र से बहस शुरू कर दी। इसके बाद मंगलवार दोपहर करीब एक बजे आरोपित छात्र अपने दो-तीन दोस्तों के साथ स्कूल के गेट पर पहुंचा। छुट्टी होने के बाद जैसे ही लड़कियां बाहर निकलीं, सबने उन पर हमला कर दिया। एक पीड़ित लड़की ने बताया कि लड़कों ने उनकी जमकर पिटाई की। इस दौरान वे चीखकर मदद मांग रही थीं लेकिन लोग तमाशा देखते रहे। किसी ने उनकी मदद भी नहीं की। सभी लड़कियां ताजपुर पहाड़ी की रहने वाली हैं। लड़कियों ने बताया कि शिक्षक दिवस पर हुई घटना उन्होंने अपने शिक्षकों को बताई थी लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। सभी पीड़ित छात्राओं का मेडिकल कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व समाजसेवी सरजीत चौकन ने कहा कि इलाके के स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। पिछले सप्ताह स्कूल जाते समय चार छात्राएं गायब हो गई थीं जो कि बाद में पंजाब के अमृतसर में मिलीं। कुछ लड़के उन्हें बहला फुसलाकर भगा ले गए थे। अब स्कूल के ठीक सामने सरेआम छात्राओं की पिटाई कर दी गई। अगर स्कूलों के सामने एक भी पुलिसकर्मी तैनात कर दिया जाए तो ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकती है। सरजीत चौकन ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर उन्होंने एसीपी से मिलकर स्कूलों के सामने पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग की है। स्कूल शुरू होने व छुट्टी होने के दौरान तो पुलिस का होना बहुत ही जरूरी है।

# डीमैट खाते के जरिए ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार, अब तक करीब 500 लोगों से की 15 करोड़ की ठगी

**नोएडा एजेंसी।** करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर डीमैट खाता खुलवाकर 500 लोगों से करीब 15 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के शातिर जालसाज को साइबर क्राइम थाने की टीम ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के देवास से दबोच लिया। आरोपित की पहचान देवास के शोएब मंसूरी के रूप में हुई है। उसने बीते माह जीएसटी विभाग में कमिश्नर के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ 15 लाख की ठगी की थी। गिरोह इंदौर और देवास से चलाया जा रहा था। पूछताछ में पता चला है कि गिरोह में 15 से 20 लोग शामिल हैं। कोरोना की पहली लहर के दौरान शोएब ने अपने साथियों के साथ मिलकर इंदौर में कंपनी खोली थी, जो पांच माह पहले बंद कर दी गई है। शोएब सहित अन्य शातिरों की गिरफ्तारी के लिए महाराष्ट्र और राजस्थान की पुलिस की टीमें भी दबिश दे रही थीं। शोएब और इसके दो साथियों ने मिलकर इंदौर व देवास में 2020 में अमदानी साल्यूशन के नाम से दफ्तर खोला था। ग्राहकों को फोन करने के लिए दफ्तर में 15 से 20 हजार की सैलरी पर कुछ युवक और युवतियों को रखा जाता था और उन्हीं से फोन कराया जाता था। आरोपित से मिले रिकार्ड के आधार पर करीब सात लाख रुपये की रकम बैंक अकाउंट्स में फ्रीज करवा दी गई है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि गिरोह के शातिरों ने उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और पंजाब के लोगों से भी ठगी की है। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि शोएब कई कंपनी के एजेंट के माध्यम से लोगों का डाटा एकत्र करता था। इसके बाद लोगों को फोन करते थे और करेंसी में ट्रेडिंग करने के लिए डीमैट खाता खुलवाते थे। सभी डीमैट खातों का एडमिन एक्सिस करने के लिए यूजर आइडी व पासवर्ड शोएब अपने पास ही रखता था। आरोपितों द्वारा ट्रेडिंग की फर्जी एंड्रायड अप्लीकेशन मेटा ट्रेडर्स-05 नाम से बनाकर प्ले स्टोर पर अपलोड की गई थी। ग्राहकों से धनराशि अलग-अलग बैंक खातों व अलग-अलग कस्टमर के डीमैट खातों में ली जाती थी। डीमैट खातों में दिखाई देने वाली धनराशि केवल डिजिट के रूप में ग्राहकों को बढ़ती हुई दिखती थी। जब ग्राहक बढ़ी राशि का लाभ लेना चाहता था तो जीएसटी, कन्वर्जन चार्ज, सैटलमेंट चार्ज सहित अन्य कर के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में और पैसे ट्रांसफर करवा लिए जाते थे।

## स्वराज ट्रैक्टर्स ने 20 लाख ट्रैक्टर के उल्लेखनीय उत्पादन के आंकड़े को पार किया

पुणे : भारतीय ट्रैक्टर उद्योग के प्रमुख ब्रांडों में से एक, महिंद्रा समूह की इकाई, स्वराज ट्रैक्टर ने मंगलवार को पंजाब के मोहाली स्थित कंपनी के संयंत्र से अपने २०-लाख वें ट्रैक्टर का उत्पादन कर इसे प्रोडक्शन लाइन से बाहर लाया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्वराज ब्रांड में ग्राहकों के विश्वास और भरोसे का प्रमाण है।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के स्वराज डिवीजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री हरीश चव्हाण ने कर्मचारियों की उपस्थिति में एक विशेष समारोह में २०-लाख वें ट्रैक्टर को प्रोडक्शन लाइन से बाहर लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, इस उपलब्धि ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू ट्रैक्टर बाजार में विश्वसनीय और सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक होने के स्वराज ब्रांड की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। हम अपने सभी ग्राहकों और हितधारकों को इस ब्रांड के विकास के प्रति उनके संपूर्ण समर्थन के लिए आभारी हैं।''१९७४ में अपनी स्थापना के बाद, स्वराज ने वर्ष २०१३ में १० लाख ट्रैक्टर के उत्पादन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। अब केवल नौ वर्षों की अवधि के भीतर ही, हमने वर्ष २०२२ में २० लाख ट्रैक्टर का उत्पादन पूरा कर लिया है, जो स्वराज ब्रांड के तीव्र विकास का प्रमाण है। यह उपलब्धि इस तथ्य को और उल्लेखनीय बनाती है कि यह तब आया है जब उद्योग पिछले कुछ वर्षों में महामारी के कारण अप्रत्याशित चुनौतियों से गुजर रहा था।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के प्रेसिडेंट - फार्म इक्विपमेंट डिविजन, श्री हेमंत सिक्का ने कहा, आज २० लाख ट्रैक्टर के उत्पादन तक पहुंचने का यह सफर हमारे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक रहा है।

# दुनिया का सबसे महंगा घर, एंटीलिया भी इसके आगे है फीका, इंटीरियर देख उड़ जाएंगे होश

- **बकिंघम पैलेसमें 350 से ज्यादा घड़ियां भी लगी हुई हैं**
- **बकिंघम पैलेस दुनिया का सबसे महंगा घर है**
- **पैलेस का गार्डन लंदन का सबसे बड़ा निजी गार्डन है**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपने बहुत सारे घर देखे होंगे। एक से बढ़कर एक शानदार और लग्जरी घर देखे होंगे। लेकिन क्या आपने दुनिया के सबसे महंगे घर हो देखा है। आज हम आपको दुनिया के सबसे महंगे घर के बारे में बताने जा रहे हैं। इसके आगे मुकेश अंबानी का एंटीलिया भी फीका पड़ जाता है। इस घर में हर वो सुख-सुविधाएं मौजूद हैं जो आपको 7 स्टार अल्ट्रा लग्जरी होटल में भी शायद ही मिलें। इस घर में अगर कोई सिर्फ किराए पर रहना चाहे तो इसके लिए भी उसे करोड़ों रुपये चुकाने होंगे। चलिए आपको बताते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा घर कहां पर है और ये कैसा दिखता है। बीते दिनो द बिजनेस टाइम्स की आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के शाही परिवार का घर बकिंघम पैलेस दुनिया का सबसे महंगा घर है। हालांकि ये घर बिक्री या किराये के लिए उपलब्ध नहीं है। अगर आप शाही तरीके से रहना चाहते हैं तो आपको इस घर की जरूरत जरूर होगी। इसकी कीमत करीब 1.3 बिलियन पाउंड यानी 2.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। इसकी कीमत सुनकर लोगों के होश उड़ जाते हैं। ये घर हर तरीके से खास है। इस घर की कीमत में कोरोना के बाद उछाल आया है। एक स्टडी के मुताबिक कोरोना काल के पहले इस घर की कीमत 100 मिलियन पाउंड थी। इस घर में 775 कमरे हैं।

### किराया सुनकर उड़ जाएंगे होश

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक इस घर का किराया भी मिलियन पाउंड में है। अगर कोई इस घर को एक महीने के लिए किराये पर लेना चाहे तो उसे 2.6 मिलियन पाउंड देने होंगे।

### साल 1703 में गया था बनाया

ड्यूक ऑफ बकिंघम ने साल 1703 में लंदन में रहने के लिए एक विशाल टाउन हाउस का निर्माण करवाया था। इसे ही आज बकिंघम पैलेस के नाम से जाना जाता है। साल 1837 ईस्वी में पहली बार महारानी विक्टोरिया ने इस महल को अपना आधिकारिक आवास बनाया था। वह बकिंघम पैलेस में रहने वाली पहली महारानी थीं।

### सिर्फ राजघराने के लोग ही रह सकते हैं

आपको जानकर हैरानी होगी कि बकिंघम पैलेस में कुल 775 कमरे हैं, इसमें से 52 शाही कमरे हैं। इनमें सिर्फ राजघराने के लोग ही रह सकते हैं। इस आलीशान घर में कुल 1514 दरवाजे और 760 खिड़कियां हैं। इसके अलावा महल में 350 से ज्यादा घड़ियां भी लगी हुई हैं।

### बेसमेंट में लगी हुई है एटीएम मशीन

बकिंघम पैलेस के बेसमेंट में एक एटीएम मशीन भी लगी हुई है, जो शाही परिवार की निजी एटीएम मशीन है। इसका इस्तेमाल सिर्फ राजघराने से संबंधित लोग ही करते हैं। इसमें महारानी, राजकुमार और उनकी पत्नियां शामिल हैं। इनके अलावा और कोई भी इसका इस्तेमाल नहीं कर सकता है।

### महल को रोशन करने के लिए लगे हैं 40 हजार बल्ब

साल 1883 में बकिंघम पैलेस में पहली बार बिजली आई थी। मौजूदा समय में इस भव्य और विशाल महल को रोशन करने के लिए 40 हजार बल्बों का इस्तेमाल होता है। आपको शायद ही पता हो कि इंग्लैंड के सबसे बड़े महलों में से एक बकिंघम पैलेस का गार्डन लंदन का सबसे बड़ा निजी गार्डन है।

# भारतीय स्टूडेंट कैसे लौटें चीनी यूनिवर्सिटी के क्लासरूम में! न सीधी फ्लाइट, टिकट कई गुना महंगा

***चीनी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थी क्लासरूम पहुंच नहीं पा रहे हैं***

***भारत से चीन की सीधी फ्लाइट अभी तक नहीं खुली है***




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ढेरों विद्यार्थी चीन की यूनिवर्सिटी में भी पढ़ते हैं। कोरोना काल से पहले चीन के यूनिवर्सिटी भारतीयों के बीच लोकप्रिय थे। क्योंकि वहां पढ़ाई का खर्च काफी कम है। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। कोरोना के बाद भारत से चीन की सीधी फ्लाइट नहीं है। यही नहीं, बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए चीन की बंदिशें भी काफी हैं। यह सब भारतीय छात्रों का खर्च बढ़ा रहा है।

**इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को वापस बुलाया, लेकिन..:** चीन की यूनिवर्सिटी ने अपने सभी इंटरनैशनल स्टूडेंट्स को वापस तो बुला दिया है। लेकिन, भारत से चीन को डायरेक्ट फ्लाइट ना मिलने से स्टूडेंट्स उलझन में हैं। चीन पहुंचने के लिए अब तक कोई सीधी फ्लाइट नहीं है और महंगे टिकट और किसी तीसरे देश होते हुए चीन पहुंचने का सफर ना सिर्फ महंगा है बल्कि थकाऊ और लंबा भी है। स्टूडेंट्स का कहना चीन जाने वाली फ्लाइट की टिकट का खर्चा चार से पांच गुना, 1.5 से 2 लाख रुपये से भी ऊपर हो चुका है। साथ ही, तीसरे देश में आरटीपीसीआर, क्वारंटीन और चीन में क्वारंटीन होने का खर्च उनकी सालाना फीस के लगभग बराबर हो रहा है। ऐसे में वो अपने कैंपस कैसे लौटें, यह बड़ा सवाल है। स्टूडेंट्स के इस ग्रुप का कहना है कि वो चाहते हैं कि भारत सरकार या तो सीधी फ्लाइट की व्यवस्था करवाए या फिर चार्टर्ड फ्लाइट ले जाने की इजाजत जल्द दिलवाई जाए। चीन में पढ़ने वाले देशभर के करीब 12 हजार स्टूडेंट्स यह दिक्कत झेल रहे हैं।

चाइना में ननटोंग मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट शाहरोज खान कहते हैं, स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी वापस बुला रही है। नया सेशन शुरू हो गया है, अभी ऑनलाइन क्लासेज चल रही हैं। स्टूडेंट्स को वीजा भी तभी मिलेंगे, जब यूनिवर्सिटी कैंपस वापसी के लिए सर्टिफिकेट देंगी। यह तो हो जाएगा मगर जाने का खर्च कैसे करेंगे! चीन की पॉलिसी कहती है कि चीन के जिस शहर में एंट्री ली जाएगी, वहां 7 दिन का मेडिकल क्वारंटीन और कैंपस में 7 दिन की हेल्थ मॉनिटरिंग जरूरी है और यह खर्च करीब 1 लाख रुपये तक स्टूडेंट्स को ही उठाना होगा। अभी दिल्ली से चीन के अलग अलग शहरों का टिकट ही 1.2 लाख रुपये से लेकर 3 लाख तक है। कोविड से पहले यह 35-40 हजार रुपये तक था।

**चार्टर्ड फ्लाइट के लिए मंजूरी में भी दिक्कत:** वुहान के हुबई यूनिवर्सिटी ऑफ चाइनीज मेडिसिन में फाइनल ईयर स्टूडेंट आशीष कुमार कहते हैं, हम 2020 साल से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं, हमारे प्रैक्टिकल्स अभी नहीं हुए हैं, जो हमारे लिए बहुत जरूरी हैं। ऑनलाइन प्रैक्टिकल्स का कोई मायने नहीं। नेशनल मेडिकल काउंसिल भी इसे नहीं मानती। हमने चीन जाकर एडमिशन इसलिए लिया था क्योंकि वहां भारत के प्राइवेट यूनिवर्सिटी के मुकाबले पढ़ाई सस्ती है मगर अब वहां जाने का इतना ज्यादा पैसा हमारे पास नहीं है। हम सभी स्टूडेंट्स कोशिश कर रहे हैं कि चार्टर्ड फ्लाइट से सीधे चीन चले जाएं। हमने पता किया हैं कि हर स्टूडेंट के लिए 60 हजार रुपये तक में यह हो जाएगी मगर इसके लिए इजाजत भी लेनी होगी। हम कोशिश भी कर रहे हैं।

**विदेश मंत्रालय से नहीं मिल रहा आश्वासन:** चीन में भारतीय स्टूडेंट्स के ऑल इंडिया स्टूडेंट्स कॉऑर्डिनेटर शाहरोज कहते हैं, हमारा प्रतिनिधिमंडल के दो मेंबर मंगलवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मिले। उन्हें बताया गया कि डायरेक्ट फ्लाइट अभी मुमकिन नहीं है। चार्टर्ड फ्लाइट के ऑप्शन पर उन्होंने कहा कि हम फ्लाइट बुक करवाकर पेपर्स भिजवा सकते हैं ताकि चीन की सरकार को भेजा जा सके। हालांकि, उन्होंने इसे मंजूरी मिलने का कोई आश्वासन नहीं दिया।

**1.5 लाख रुपये का टिकट, सीधी फ्लाइट भी नहीं:** चीन में शिआन जियाओटॉन्ग यूनिवर्सिटी की फाइनल ईयर मेडिकल स्टूडेंट रिद्धि कहती हैं, मैं सेकंड ईयर में थी जब ऑफलाइन क्लासेज ली थी, तबसे ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। चंडीगढ़ रहने वाली रिद्धि कहते हैं, चीन जाने के लिए हमें तीसरे देश होते हुए जाना पड़ेगा जैसे हॉन्ग कॉन्ग, ताइवान, साउथ कोरिया। पहले आना-जाना 45 हजार रुपये में होता था मगर अब सिर्फ जाने के लिए टिकट में 1.5 लाख रुपये पड़ रहा है। मेरी फीस 4.5 लाख रुपये सालाना है मगर अब जाने का खर्चा भी ट्यूशन फीस से ज्यादा होगा। तीसरे देश में भी हमें उस देश के हिसाब से कुछ दिन क्वारंटीन रहना पड़ेगा या आरटीपीसीआर टेस्ट कराना होगा। चीन के रेगुलेशंस है कि हर 48 घंटे में आरटीपीसीआर टेस्ट होना चाहिए। पहले मैं एक ही दिन में अपने कैंपस तक पहुंच जाती थी मगर अब बीच में हर जगह मुझे 17-18 घंटे रुकना पड़ेगा। मुझे दिल्ली से हांगकांग, वहां से शेनयांग और वहां से शांगसी जाना है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स को एनओसी भेजा नहीं है, जिससे वीजा भी अटके हैं।




# एचडीएफसी बैंक का होम और कार लोन हुआ महंगा, मई से 5वीं बार बढ़ाया रेट

**नई दिल्ली एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक ने एक बार फिर कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ाई हैं। उसने लोन पर मार्जिनल कॉस्ट फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट में बढ़ोतरी की है। बैंक ने एमसीएलआर में 0.1 फीसदी यानी 10 बेसिस पॉइंट्स तक का इजाफा किया है। लोन की नई ब्याज दरें 7 सितंबर 2022 से प्रभावी हो गई हैं। मई से 5 बार बैंक अपने एमसीएलआर में बढ़ोतरी कर चुका है। बैंक का यह कदम उसके होम, कार और पर्सनल लोन को महंगा कर देगा। अगस्त में भारतीय रिजर्व बैंक ने पॉलिसी रेट में इजाफा किया था। इसी के बाद से तमाम बैंकों ने अपने एमसीएलआर को बढ़ाया है। एचडीएफसी बैंक के इस के कदम के बाद लोन की रीसेट डेट आने पर मंथली ईएमआई इस बढ़ोतरी के अनुसार एडजस्ट हो जाएगी। एमसीएलआर से बैंक के कई तरह के लोन लिंक हैं। इनमें होम, कार और पर्सनल लोन वगैरह शामिल हैं। मई से बैंक पांच बार अपने एमसीएलआर को बढ़ा चुका है।

| अवधि | एमसीएलआर |
|---|---|
| ओवरनाइट | 7.90 |
| एक महीने | 7.90 |
| तीन महीने | 7.95 |
| 6 महीने | 8.05 |
| 1 साल | 8.20 |
| 2 साल | 8.30 |
| 3 साल | 8.40 |

मई में एचडीएफसी बैंक ने एमसीएलआर में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। जून में रेट को 0.35 फीसदी बढ़ाया गया था। जुलाई में 0.20 फीसदी और अगस्त में 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी का ऐलान किया गया था। दो महीने में होने वाली बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को बढ़ाया था। इसमें 50 बेसिस पॉइंट यानी आधा फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद से तमाम बैंकों ने कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ाई हैं। यह लगातार दूसरा मौका था जब आरबीआई ने पॉलिसी रेट में बढ़ोतरी की थी।





# पहली बारिश का लुत्फ लेते दिखे जय और जिया, प्रीति जिंटा ने दिखाई जुड़वां बच्चों की झलक!

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा अपनी मदरहूड लाइफ को काफी एन्जॉय कर रही हैं. ऐसा हम नहीं, उनके द्वारा शेयर की गईं कुछ झलकें बयां कर रही हैं. प्रीति ने अपने बच्चों का चेहरा तो नहीं दिखाया है लेकिन उनकी एक हल्की झलक से ही फैंस काफी खुश हो जाते हैं. एक्ट्रेस ने एक बार फिर कुछ ऐसा ही किया है.

जैसा कि सभी जानते हैं, प्रीति जिंटा पिछले साल नवंबर में जुड़वां बच्चों की बनी हैं. एक्ट्रेस और उनके पति जीन गुडइनफ ने सरोगेसी के जरिए जुड़वां बच्चों, बेटी जिया और बेटे जय का स्वागत किया था. भले ही उन्होंने प्राइवेसी के कारण अपने बच्चों का चेहरा रिवील नहीं किया हो, लेकिन वह उनसे जुड़े हर खास पलों और जन्म के बाद उनके साथ हो रही हर पहली चीज के एक्सपीरियंस को दिखाकर फैंस को अपडेटेड रखती हैं.

प्रीति जिंटा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनके बच्चे बारिश का मजा लेते रॉकिंग चेयर पर बालकनी के सामने बैठे दिख रहे हैं. यह वीडियो बैक साइड से कैप्चर की गई है, जिस वजह से दोनों का चेहरा तो नहीं दिख रहा, लेकिन डाइनिंग टेबल के उपर रखी चेयर पर दोनों बच्चे झूलते दिख रहे हैं. अपने नन्हे हाथों में जय और जिया ने खिलौना पकड़ा हुआ है. इसे शेयर करते हुए प्रीति ने लिखा, 'पहली बारिश.. पहला डांस'.

**घर के बाहर दिखा खूबसूरत नजारा**

प्रीति जिंटा ने इस वीडियो में बालकनी से अपने घर के बाहर का खूबसूरत नजारा भी दिखाया है, जहां से स्विमिंग पूल और विलाज नजर आ रहे हैं. वीडियो पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं. कई सेलेब्स ने भी इस क्यूट झलक पर प्यार बरसाया है. वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रीति जल्द ही फिल्म 'किट्टी पार्टी' से वापसी करने वाली हैं. यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी.

# किससे बात कर रहे थे? पति विक्की कौशल ने नहीं उठाया फोन तो नाराज हुईं कैटरीना



**करण** जौहर के पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण के लेटेस्ट एपिसोड में फिल्म 'फोन भूत' की स्टार कास्ट शामिल हुई. जिसमें कैटरीना कैफ, सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर शामिल हुए. जहां कैटरीना ने पहली बार विक्की कौशल और अपनी रिलेशनशिप को लेकर बात की. शो के दौरान ही कैटरीना ने पति विक्की कौशल को फोन लगाया, लेकिन विक्की का फोन बिजी आ रहा था. जिस पर एक्ट्रेस नाराज हो गईं. इस एपिसोड का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है.

दरअसल, गेम राउंड के दौरान कैटरीना पति विक्की को फोन कर रही थीं इसके उन्हें प्वाइंट्स मिलने थे. लेकिन विक्की का फोन लगातार बिजी आ रहा था. इस वजह से कैटरीना नाराज हो गईं. एक्ट्रेस ने कहा-मेरे पति का फोन बिजी आ रहा है चल क्या रहा है ये. काफी कोशिशों के बाद विक्की ने आखिरकार फोन उठाया तो कैटरीना ने उनसे कहा कि बेबी तुमने मेरा फोन नहीं उठाया जिस वजह से मैं एक प्वाइंट हार गई.

# कियारा आडवाणी ने 'हैलो मैगजीन' के लिये किया फोटोशूट



: बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फमस मैगजीन हैलो के लिए फोटोशूट किया है। कियारा ने हैलो मैगजीन के फोटोशूट करवाया है, जिसका एक वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में कियारा ने अलग-अलग आउटफिट को कैरी किया है। वह इन सभी ऑउटफिट में स्टनिंग लग रही हैं। कियारा ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में 'हैलो' लिखा है।

कियारा के इन लुक्स की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं। कियारा इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'सत्य प्रेम की कथा' में काम कर रही हैं।

# तेजस्वी प्रकाश ने 'नागिन-6' में एक बार फिर अपनी भाषा से फैंस को किया प्रभावित



बिग बॉस 15 में अपने कायकाल के बाद, तेजस्वी प्रकाश या तो करण कुंद्रा के साथ अपने रिश्ते या उनके लुक के लिए, और हाल ही में, नागिन 6 में उनके अतिरंजित उच्चारण के लिए चर्चा का विषय बनती रही हैं। टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश नागिन में प्रशा की भूमिका निभा रही हैं, प्रशा जब से विदेश से लौटी है तब से वो एक अलग तरह की भाषा का उच्चारण करती है, जो कि फैंस के लिए चर्चा का विषय बन गई है। यह इतना अतिरंजित हो गया कि उसके कई प्रशंसकों ने उसे ट्रोल किया इसने और अन्य लोगों ने इसका मजाक उड़ाया। वास्तव में, बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने भी चरित्र को दोहराते हुए एक रील बनाई और इसे इंस्टाग्राम पर साझा किया जिसने उनके नकली लहजे को और अधिक वायरल कर दिया। हालांकि हाल ही में एक साक्षात्कार में, तेजस्वी ने बताया कि, यह सब उनके प्रशंसकों को हंसाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए था और अगर यह वायरल हो रहा है तो उनका उद्देश्य पूरा हो गया है। वीडियो में, उसे अपनी ऑन-स्क्रीन बहन महक से बात करते हुए सुना जा सकता है। जो कि काफी अजीब है और तेजस्वी इसी तरह से नी भाषा का प्रयोग करती है शो में। इस वीडियो ने बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान खींचा है। शो में प्रफुल्लित करने वाला वीडियो और बोलने का अंदाज शहर में चर्चा का विषय बन गया है। तेजस्वी अपने इस काम को लेकर काफी खुश हैं।

# अनुष्का शर्मा ने चकदा एक्सप्रेस की झलक शेयर की



: बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपनी आने वाली फिल्म चकदा एक्सप्रेस की एक झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। अनुष्का शर्मा की फिल्म चकदा एक्सप्रेस भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म के लिये अनुष्का इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं। अनुष्का शर्मा ने चकदा एक्सप्रेस की एक झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। तस्वीर में अनुष्का झूलन की जिंदगी के एक पल को रिक्रिएट करती नजर आ रही हैं। अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह मूसलाधार बारिश के बीच एक पीसीओ से कॉल करती दिख रही हैं। अनुष्का ने कैप्शन दिया, 'एक कहानी से एक क्षण जिसे बताने की जरूरत है!'

# रणबीर ने 'हाईवे' को बताया आलिया का बेस्ट, फिल्म देखकर बन गए उनके फैन



**बॉलीवुड** स्टार रणबीर कपूर, जो अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ने हाल ही में अपनी पत्नी आलिया भट्ट के पसंदीदा प्रदर्शन पर बात की। आलिया, जिन्होंने 2012 की फिल्म स्टूडेंट आफ द ईयर से अपनी शुरूआत की, का सिनेमा में काफी महत्वपूर्ण सफर रहा है क्योंकि उन्होंने लगातार एक के बाद एक शानदार प्रदर्शन दिए हैं, लेकिन इन सभी वर्षों के बाद, रणबीर का आलिया की दूसरी फिल्म हाईवे पसंदीदा प्रदर्शन बना हुआ है। रणबीर ने आईएमडीवी ओरिजिनल वीडियो में कहा, कलाकार के रूप में उसका यह अब तक का सबसे अच्छा साल रहा है। उसके पास गंगूबाई है, उसके पास आरआरआर है, उसके पास डालिंग्र्स है और अब वह ब्रह्मास्त्र करने जा रही हैं। स्पष्ट पसंद गंगूबाई होगी, लेकिन मैं वास्तव में आलिया की दूसरी फिल्म से उनका प्रशंसक बन गया था और वह थी हाईवे। रणबीर ने आगे कहा, मैं वास्तव में इस फिल्म की प्रतीक्षा कर रहा था और मैंने वास्तव में इसे संपादन में देखा था। मुझे बस इतना पता था कि यह एक ऐसे अभिनेता का जन्म था जो शायद भारतीय सिनेमा और विश्व सिनेमा के लिए तैयार नहीं था। मुझे लगता है कि तब से मैं उसके काम का बहुत बड़ा प्रशंसक बन गया हूं। बर्फी में अपने पति के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक ही समय में इतना सरल, मजाकिया, इतना हृदयविदारक है।





# गाजर का जूस से स्किन व दिल को होंगे फायदे

हमेशा से आंखों के लिए लाभदायक माना गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसके फायदे यहीं ख़त्म हो जाते हैं। गाजर में मौजूद विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स इस सब्ज़ी को शरीर के दूसरे अंगों के लिए भी फायदेमंद बनाते हैं। इसमें कार्ब्स और वसा की मात्रा भी कम होती है, जिसकी वजह से आप इसे अपनी रोज़ाना की डाइट में भी शामिल कर सकते हैं।गाजर विटामिन-ए, सी और के से भी भरपूर होता है, इसलिए यह स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। तो आइए जानें कि गाजर पूरे शरीर के लिए किस तरह फायदेमंद साबित होता है।गाजर के जूस में मौजूद विटामिन-ए और सी शरीर को फ्री-रैडिकल से होने वाले नुकसान से बचाता है। इसमें विटामिन-बी6 भी होता है, जो इम्यूनिटी के लिए फायदेमंद साबित होता है।गाजर का जूस ब्लड शुगर के स्तर में सुधार करता है। साथ ही यह गट बैक्टीरिया के लिए अच्छा होता है, जो डायबिटीज़ से जुड़े होते हैं। इस जूस का ग्लायसेमिक इंडेक्स भी कम होता है, जो इसे एक हेल्दी ड्रिंक बनाता है।गाजर के जूस में विटामिन-सी होता है, जो त्वचा में कोलाजन प्रोडक्शन में सुधार करता है, जिससे स्किन ज़्यादा लचीली हो जाती है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को नुकसान से बचाते हैं।इस सब्ज़ी के जूस में पोटेशियम होता है, जो रक्त वाहिकाओं को पतला करने में मदद करता है और ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करता है, साथ ही स्ट्रोक के ख़तरे को भी कम करता है। इसके साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट लिपिड के ऑक्सीकरण को कम करने में मदद करते हैं।



# हृदय मजबूत करता है केला

सेहतमंद रहने के लिए लोगों को फलों के सेवन की सलाह दी जाती है। फल शरीर को पोषण देते हैं। फलों में विटामिन, प्रोटीन, मिनरल्स समेत पोषण से भरपूर होते हैं। कहा जाता है कि प्रत्येक सुबह खाली पेट एक सेब खाने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है लेकिन सेब के अलावा भी कई फल हैं, जो बहुत पौष्टिक हैं। स्वस्थ रहने के लिए अगर आप फायदेमंद आहार का सेवन करना चाहते हैं तो केला भी लाभकारी हो सकता है। विशेषज्ञ प्रति दिन एक केला खाने की सलाह देते हैं। केले में विटामिन और पोषक तत्व मौजूद होते हैं। केले में पाए जाने वाले कार्बोहाइड्रेट, विटामिन ए, सी और बी-6, लोहा, फास्फोरस, कैल्शियम, मैगनीशियम, जिंक, सोडियम, पोटेशियम शरीर को भरपूर पोषण देते हैं। इसके अलावा प्राकृतिक शर्करा जैसे सुक्रोज, फ्रक्टोज और ग्लूकोज पाए जाते हैं। केले को सूपरफूड कह सकते हैं। लेकिन केले के सेवन के कुछ नुकसान भी हैं।



# फर्टिलिटी की है समस्या, तो महिला और पुरुष दोनों के लिए योगासन हैं फायदेमंद



किसी भी शादीशुदा कपल के लिए बच्चा उनके परिवार को पूरा करने का एक जरिया है। बच्चे के जन्म के लिए कपल उत्साहित रहते हैं और काफी योजनाएं बनाते हैं। हर शादी शुदा जोड़ा माता-पिता बनने की इच्छा रखता है। लेकिन आज के दौर में महिलाओं और पुरुषों में फर्टिलिटी की समस्या बढ़ रही है। कई ऐसे विवाहित जोड़े हैं जो चाहकर भी कंसीव नहीं कर पा रहे। बच्चे के जन्म को लेकर आने वाली दिक्कतों के लिए पुरुष और महिला चिकित्सक के पास जाते हैं। हालांकि फर्टिलिटी की समस्या से बचाव के लिए कुछ योगासन हैं, जिनका अभ्यास असरदार है। महिलाओं के अलावा पुरुष प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित इन योगासनों का अभ्यास करें। ये योग शरीर और मस्तिष्क दोनों के लिए फायदेमंद हैं। ये रहे महिला और पुरुष को बांझपन की समस्या से छुटकारा दिलाने वाले योगासन। मासिक धर्म की अनियमितताओं और मेनोपॉज के दौरान होने वाली समस्याओं में योगासन मददगार हो सकता है। पीरियड्स में ऐंठन को कम करने के लिए सूर्य नमस्कार का अभ्यास करें। किसी महिला के गर्भाशय पर मेनोपॉज के असर और बच्चे के जन्म पर भी योगासन फायदेमंद हो सकता है। सूर्य नमस्कार यौन ग्रंथियों को खराब होने संबंधी परेशानी से दूर रखता है। बद्ध कोणासन को बटरफ्लाई पोज कहते हैं। इस आसन से आंतरिक जांघो, कूल्हे के हिस्से और घुटनों की मांसपेशियों में खिचाव होता है और शरीर में लचीलापन आता है। बटरफ्लाई आसन के अभ्यास से प्रजनन क्षमता बढ़ती है। प्रसव के दौरान दर्द को कम करने में भी ये योग असरदार है। पश्चिमोत्तानासन मांसपेशियों को स्ट्रेच करता है।इस आसन के अभ्यास से फर्टिलिटी में सुधार हो सकता है और मानसिक तनाव कम भी कम हो सकता है।फर्टिलिटी की समस्या से छुटकारा पाने के लिए बालासन का अभ्यास कर सकते हैं। ब्लड फ्लो को बढ़ाने में यह योगासन असरदार है। इसके अलावा इस आसन से पीठ, घुटनों, कूल्हों और जांघों की मांसपेशियों में खिचाव आता है।



# केरल के बच्चों में तेज़ी से फैल रहा है टोमैटो फीवर

टोमैटो बुखार एक दुर्लभ वायरस है, जो सिर्फ बच्चों पर ही हमला करता है। खासतौर पर वे बच्चे जिनकी उम्र 5 साल से कम है। हालांकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह (अज्ञात बुखार) वायरल है या डेंगू, चिकनगुनिया। इसमें ज़्यादातर बच्चों को रैशेज़, त्वचा में जलन और डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। शरीर के कुछ हिस्सों में छाले की समस्या भी देखी जाती है। टोमैटो फ्लू का नाम इसमें संक्रमण में होने वाले छालों और चकत्तों की वजह से रखा गया है। इसमें छाले लाल और टोमैटो जैसे दिखते है। इस वक्त यह इंफेक्शन सिर्फ केरल के कोवल्लम शहर में ही देखा जा रहा है, लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह संक्रमण केरल के दूसरे हिस्सों में भी जल्द फैल सकता है। इस अज्ञात बुखार को हैंड, फुट और माउथ बीमारी भी कहा जाता है।संक्रमित बच्चे को खूब पानी पिलाएं। पानी उबला हुआ होना चाहिए, लेकिन पिलाने से पहले इसे ठंडा ज़रूर कर लें।चकत्तों या छालों को नोचने या खुजाने न दें। स्वच्छता बनाए रखना बेहद ज़रूरी है। बरतन, कपड़े और दूसरी चीज़ें जिनका इस्तेमाल रोगी कर रहा है, उन्हें सैनीटाइज़ या जिसइंफेक्ट ज़रूर कर लें, ताकि फ्लू फैले नहीं। टोमैटो फ्लू एक ऐसी बीमारी है, जो अपने आप ही ठीक हो जाती है, इसके लिए कोई खास दवाई नही है। डॉक्टर्स का कहना है कि इसके लक्षण अपने आप हीकुछ समय भी दूर हो जाते हैं, लेकिन देखभाल भी ज़रूर है। आपको बता दें कि टोमैटो बुखार का टमाटर से कोई लेना देना नहीं है, आप इसका सेवन आराम से कर सकते हैं। ध्यान रखें कि कुछ भी खाने से पहले उसे अच्छी तरह धो लें।



# बेहद नाजुक होता है सगाई और शादी के बीच का 'गोल्डन पीरियड'

सगाई और शादी के बीच का टाइम कपल्स के लिए जितना स्पेशल होता है उतना ही नाजुक भी होता है। रिश्ता जुड़ने के बाद दो लोग एक दूसरे को समझने के फेज में आ जाते हैं। इस गोल्डन टाइम में एक दूसरे पर प्यार का खुमार चढ़ने लगता है और साथ ही फ्यूचर को लेकर प्लानिंग भी काफी हद तक शुरू हो जाती है। शादी से पहले दोनों अपने रिश्ते में कंफर्टेबल होने की कोशिश में लगे होते हैं लेकिन अक्सर ऐसा करने के चक्कर में ऐसी लापरवाही या अंजाने में गलती कर बैठते हैं कि शादी टूटने तक की नौबत आ जाती है। शादी से पहले एक दूसरे को जानना जरूरी है लेकिन साथ ही सतर्क रहना भी जरूरी होता है। हम आपको कुछ ऐसी बाते बता रहे हैं, जो कपल्स को सगाई के बाद व शादी से पहले जरूर ध्यान रखनी चाहिए।हमेशा रहें ओरिजिनल - सगाई के बाद लड़का-लड़की का बातचीत करना और मिलना-जुलना तो एक आम बात है। ऐसे में एक दूसरे को इम्प्रेस करने के लिए अक्सर कपल्स कुछ बातें बढ़ा-चढ़ा कर या झूठ बोल देते हैं। ध्यान रहे, ऐसा करने से इस समय तो सामने वाला आपसे खुश हो जाएगा लेकिन शादी के बाद आपके झूठ के बारे में पता चलेगा तो इससे रिश्ते पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है।कुछ बातें शादी के बाद के लिए रखें - इस गोल्डन पीरियड में कपल्स एक दूसरे के बारे में जानने के लिए बेकरार रहते हैं और दिन रात बातें करने लगते हैं। शादी के पहले एक दूसरे को जानें लेकिन कुछ शादी के बाद के लिए भी रखें। शादी से पहले आपस में बातें करनी चाहिए लेकिन अपने बारे में हर बात अपने होने वाले लाइफ पार्टनर को तुरंत नहीं बता देनी चाहिए।ईमानदारी है जरूरी - जब आप एक दूसरे के बारे में बातें करें या अपनी-अपनी आदतों, स्वभाव और पसंद और नापसंद के बारे में बताएं तो जरूरी है कि उस समय आप ईमानदार रहें। ऐसा करने से आपसी समझ भी बढ़ेगी और रिश्ते में मिठास भी आएगी।फिजिकल होने से बचें - सगाई और शादी के बीच जब भी आप मिलें तो इंटिमेट होने से बचना चाहिए। ऐसा करना आपके रिश्ते में आगे जाकर नुकसानदेह हो सकता है। शादी से पहले ऐसा कदम उठाने से पहले एक बार जरूर सोचना चाहिए। हुकुम चलाना - अक्सर कपल्स के बीच होता है कि वो एक दूसरे पर जरूरत से ज्यादा हुकुम चलाते हैं। शादी से पहले ऐसा करने से बचना चाहिए और हमेशा एक दूसरे को बराबर सम्मान देना चाहिए। आपसी सहमति से फैसला लें, ऐसा करने से हमेशा रिश्ते में मिठास बनी रहती है।





# महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष को लेकर सुनवाई २७ सितंबर को

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष को लेकर कल पांच न्यायाधीशों की खंडपीठ के समक्ष केवल १० मिनट सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई २७ सितंबर को होनेवाली है। लेकिन 'तारीख पे तारीख' देखते हुए पैष्ठसला जल्द आने का कोई 'चिह्न' नजर नहीं आ रहा। किंतु २७ सितंबर तक चुनाव आयोग पार्टी चिह्न को लेकर कोई भी निर्णय नहीं ले, ऐसा स्पष्ट आदेश खंडपीठ ने दिया है। शिंदे गुट के १६ विधायकों की अपात्रता से लेकर चुनाव आयोग की सुनवाई तक अनेक मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर है, जिसकी सुनवाई अब तक पूर्ण नहीं हुई है। महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष पर इसके पहले २३ अगस्त को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन्ना की तीन सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई



थी। उस समय पांच सदस्यीय खंडपीठ स्थापित करने का निर्णय दिया गया था। रमन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद मुख्य न्यायाधीश उदय ललित आए हैं। उन्होंने पांच सदस्यीय खंडपीठ की स्थापना की लेकिन इसमें बहुत देर हो चुकी है। अब २० दिनों के बाद २७ सितंबर को खंडपीठ के समक्ष सुनवाई होगी।

**खंडपीठ ने क्या कहा?**

न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ के नेतृत्व में खंडपीठ की स्थापना की गई है, जिसमें न्यायाधीश एन. आर. शहा, न्यायाधीश कृष्णा मुरारी, न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा का समावेश है। चुनाव आयोग को निर्णय लेने से न रोका जाए, ऐसी मांग शिंदे गटनेता ने की है। लेकिन खंडपीठ ने शिंदे गट को जोरदार झटका दिया है। पिछले महीने ३ अगस्त को सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने चुनाव आयोग को निर्णय लेने से रोक दिया था। २७ सितंबर को होनेवाली सुनवाई में दोनों ओर की दलीलें सुनी जाएंगी। वकील अपनी एनर्जी बचाकर रखें, ऐसी टिप्पणी न्यायाधीश शहा ने की। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एड. अरविंद दातार ने अपनी भूमिका रखी। चुनाव चिह्न अधिनियम के तहत हमें दर्ज कराई गई शिकायत का संज्ञान लेना होता है। चुनाव आयोग अपना संवैधानिक कर्तव्य निभा रहा है। दातार ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति विधायक के रूप में अयोग्य हो जाता है, तो भी उसकी पार्टी की सदस्यता बनी रहती है।

# इकबाल कासकर को अस्पताल पर भरोसा नहीं या बायपास सर्जरी से डर

**मुंबई :** भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को डॉक्टरों ने बायपास सर्जरी की सलाह दी है, लेकिन कासकर ने दूसरी बार डॉक्टरों की सलाह को नकारते हुए अस्पताल से मेडिकल एडवाइस के खिलाफ जाकर डिस्चार्ज ले लिया है, ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या कासकर को सरकारी अस्पताल पर भरोसा नहीं है या फिर डॉन को बायपास सर्जरी से डर लग रहा है।

वैसे तो कासकर पर एक्सटॉर्शन सहित मनीलांड्रिंग जैसे गंभीर अपराध के कई मामले दर्ज हैं, लेकिन फिलहाल वह 'ईडी' की हिरासत में और ठाणे जेल में बंद है। बता दें कि २० अगस्त को कासकर ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उसे सरकारी अस्पताल जेजे के हृदय रोग विभाग में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने एंजियोग्राफी करने का निर्णय लिया।



एंजियोग्राफी की रिपोर्ट में थ्री वेसल ब्लॉक बीमारी (यानी हृदय को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में ब्लॉक) होने की बात पता चली। जेजे अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संबंधित विभाग के डॉक्टरों ने कासकर को बायपास सर्जरी करने की सलाह दी लेकिन कासकर ने डॉक्टरों की सलाह को नकारते हुए डिस्चार्ज ले लिया। दस दिन बाद यानी २ सितंबर को एक बार फिर कासकर ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उसे फिर जेजे अस्पताल ले जाया गया। जेजे अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डॉक्टरों ने एक बार फिर कासकर को बायपास सर्जरी करवाने की सलाह दी लेकिन एक बार फिर उसने सर्जरी न करवाने की बात कही और फिर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टरों की मानें तो थ्री वेसल ब्लॉक बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है, ऐसे में डॉक्टरों की सलाह अनुसार मरीज को तत्काल उपचार करवा लेना चाहिए। गौरतलब है कि कासकर को डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां भी हैं, जिसके चलते वह अक्सर अस्पताल के चक्कर लगाते रहता है। जेजे अस्पताल की डीन डॉ. पल्लवी सापले से जब इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारियों को मरीज के स्वास्थ्य का ब्यौरा दिया गया है लेकिन हम मीडिया के साथ जानकारी साझा नहीं कर सकते हैं।

# 10 फीट के अजगर को बचाने के लिए डॉक्टर कर रहे जद्दोजहद...!

## गहरे जख्म और हड्डियां टूटने पर किया गया भर्ती



**मुंबई :** मुंबई में पिछले महीने वन विभाग की टीम ने एक 10 फीट लंबे इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) का रेस्क्यू किया था। वह बुरी तरह जख्मी है। कई फ्रैक्चर और खुले घावों से जूझ रहा है। तभी से सांप की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर रीना देव के मुताबिक, अजगर की प्लास्टिक सर्जरी अभी की जा रही है।

डॉक्टर रीना देव के मुताबिक, यह उसकी तीसरी सर्जरी है। इससे पहले भी दो सर्जरी की जा चुकी है। पिछले 45 दिनों से अजगर का इलाज किया जा रहा है। पशु बचाव दल के साथ-साथ सरीसृप पशु चिकित्सकों की टीम उसका उपचार कर रही है। इंडियन रॉक पाइथन प्रजाति के अजगर की गई जगह से हड्डियां टूटी हुई है। जिसकी वजह से डॉक्टरों ने उसकी प्लास्टिक सर्जरी करने का निर्णय लिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेस्किंक असोसिएशन फॉर वाइल्ड लाइफ वेलफेयर और वन विभाग की टीम ने वडाला से उसका रेस्क्यू किया था। डॉक्टरों का कहना है कि गहरे जख्म और हड्डियां टूटने से अजगर जिदंगी और मौत से जूझ रहा है। डॉक्टर उसे बचाने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

# मुंबई, ठाणे, नई मुंबई में भारी बारिश



**मुंबई :** मुंबई में कल दिन में ही अंधेरा छा गया। ऐसा लगता था कि जैसे रात हो गई है। फिर अचानक बादल गरजने लगे और तेज बारिश शुरू हो गई। यह बारिश घंटों तक जारी रही। कुछ दिनों की राहत के बाद मुंबई, ठाणे, पालघर, नई मुंबई में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है। महानगर में बुधवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। इस वजह से निचले इलाकों में कई जगहों पर जलजमाव हुआ। रेल यातायात भी भारी बारिश की वजह से प्रभावित हुआ है। बता दें कि मुंबई में तेज बारिश सुबह करीब १० बजे शुरू हुई, वहीं मौसम विभाग ने अगले २४ घंटों के दौरान मुंबई शहर और उपनगरों में मध्यम बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना जताई है। यानी मुंबई में अभी और बारिश होनेवाली है। आईएमडी सांताक्रुज मौसम विभाग ने बुधवार सुबह ११.३० बजे तक २५.८ मिमी और आईएमडी कुलाबा मौसम विभाग ने १७.८ मिमी बारिश दर्ज की। लगातार हो रही बारिश से शहर के कुछ हिस्सों में जाम की स्थिति बन गई है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को दोपहर २ बजकर ५७ मिनट पर अरब सागर में ४.३९ मीटर तक की ऊंची लहरें उठ सकती हैं। मुंबई में बुधवार को हुई भारी बारिश से जलभराव के कारण यातायात बाधित हो गया। सेंट्रल लाइन की ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। साथ ही मुंबई पहुंचनेवाली लंबी दूरी की ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। नई मुंबई में सानपाड़ा रेलवे ब्रिज बाईपास भारी बारिश के कारण जलमग्न हो गया था।







मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com